# झारखण्ड विशेष

## घटनाक्रम संग्रह क्विज

PDF

The Series......

हिन्दवंशी

Useful for....

# JPSC & JSSC

झारखण्ड की प्रतियोगी परीक्षाओं पर केंद्रित

# झारखण्ड

# Current Affairs Quiz

## सेट - 1

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'आयुष्मान भारत योजना' की शुरुआत निम्नलिखित में से किस शहर से की?

a. राँची

b. भोपाल

c. नागपुर

d. अहमदाबाद

राँची

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आयुष्मान भारत योजना की शुरुआत झारखंड की राजधानी रांची से की।

इस योजना के तहत देश के 10 करोड़ परिवारों को प्रति वर्ष 5 लाख तक के मुफ्त इलाज का लाभ मिलेगा।

2. वाणिज्य एवं उद्योग और नागरिक उड्डयन मंत्रालय द्वारा कॉफ़ी उत्पादकों के लिए किस मोबाइल एप्प की शुरुआत की गई है?

a. कॉफी इंडिया

b. कॉफी बाजार

c. कॉफी कनेक्ट

d. कॉफी डिजिटल

# कॉफी कनेक्ट

वाणिज्य एवं उद्योग और नागरिक उड्डयन मंत्री सुरेश प्रभु ने कॉफी हितधारकों के लिए डिजिटल मोबाइल विस्तार सेवाएं तथा ‘कॉफी कनेक्ट’ नामक मोबाइल एप्प लॉन्च किया।

यह एप कॉफ़ी उत्पादकों को ऑनलाइन बाजार उपलब्ध कराएगा, नवीनतम तकनीक से काम करना बताएगा तथा अधिकारियो एवं उत्पादकों के बीच समन्वय, पारदर्शिता एवं सब्सिडी वितरण को लेकर बेहतर तालमेल स्थापित करने में सहायता करेगा।

3. निम्नलिखित में से किस देश ने हिन्दू मंदिरों में बलि दिए जाने पर रोक लगाने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की है?

a. भूटान

b. नेपाल

c. श्रीलंका

d. बांग्लादेश

## श्रीलंका

श्रीलंकाई कैबिनेट ने हिंदू मंदिरों में पशु बलि पर प्रतिबंध लगाने वाले प्रस्ताव को मंज़ूरी दे दी है।

4. निम्न में से किस राज्य में देश के 100वें हवाई अड्डे का उद्घाटन किया गया है?

a. सिक्किम

b. कर्नाटक

c. उत्तराखंड

d. महाराष्ट्र

## सिक्किम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश के 100वें हवाई अड्डे के रूप में सिक्किम के पाक्योंग हवाई अड्डे का उद्घाटन किया गया।

5. 'लोकमंथन 2018' का आयोजन किस शहर में किया गया?

a. पूरी

b. राँची

c. मदुरई

d. गुवाहाटी

राँची

झारखंड की राजधानी रांची में 'लोकमंथन 2018' का आयोजन किया गया।

झारखंड के मुख्यमंत्री रघुवर दास की अध्यक्षता में आयोजित इस सम्मेलन में देशभर के साहित्यकार और विचारकों ने हिस्सा लिया।

लोकमंथन 2018 का मुख्य विषय 'भारत बोध : जन-गण-मन' है।

हिन्दवंशी

6. वित्तीय समावेश पहल के अंतर्गत वित्त मंत्रालय द्वारा कौन सा मोबाइल एप्प शुरू किया गया है?

a. डिजिटल मनी

b. जन धन दर्शक

c. डिजिटल पावर

d. जन धन शक्ति

## जन धन दर्शक

वित्त मंत्रालय ने लोगों की सुविधा के लिए नया मोबाइल एप 'जनधन दर्शक' एप लॉन्च किया है जिसके जरिए बैंक ग्राहक पूरे देश में कहीं भी बैंक ब्रांच का पता, उनके एटीएम की जानकारी एवं IFSC कोड की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे।

साथ ही वित्त मंत्रालय ने MSME के लिए लोन प्लेटफॉर्म लॉन्च किया है जिसके तहत MSME को बिना बैंक ब्रांच गए ही 59 मिनट में अधिकतम 1 करोड़ तक का लोन मिल सकेगा।

7. केंद्र सरकार ने किस कम्पनी के साथ मिलकर #LooReview अभियान लॉन्च किया है?

a. एप्पल

b. गूगल

c. फेसबुक

d. माइक्रोसॉफ्ट

## गूगल

आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय ने स्वच्छ भारत मिशन-शहरी (SBM-U) के तहत गूगल मैप पर सार्वजनिक शौचालयों का मूल्यांकन और समीक्षा करने हेतु शौचालय समीक्षा अभियान शुरू करने के लिए गूगल के साथ "#LooReview" अभियान की शुरुआत की है।

यह अभियान लोगों को अपने-अपने शहरों में गूगल मैप्स पर सार्वजनिक शौचालयों का पता लगाने के लिए तथा सार्वजनिक शौचालयों के प्रति लोगों का फीडबैक लेने के उद्देश्य से शुरू किया गया है।

8. राष्ट्रीय स्तर का उद्यमी जागरूकता अभियान "उद्यम अभिलाषा" किसके द्वारा लॉन्च किया गया है?

a. सिडबी

b. एस बी आई

c. नाबार्ड

d. आर बी आई

## सिडबी

महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) ने 115 आकांक्षी जिलों में राष्ट्रस्तरीय उद्यमिता जागरूकता अभियान 'उद्यम अभिलाषा' की शुरूआत की।

अभियान के तहत 800 से अधिक प्रशिक्षु तैयार किए जाएंगे, जो इन जिलों के आकांक्षी युवाओं को उद्यम प्रशिक्षण प्रदान करेंगे।

9. बंशीधर महोत्सव के लिए विख्यात झारखंड के किस अनुमंडल का नाम बदलकर श्री बंशीधर नगर कर दिया गया है?

a. सिमरिया

b. हुसैनाबाद

c. जगन्नाथपुर

d. नगर उंटारी

## नगर उंटारी

बंशीधर महोत्सव 2018 के समापन पर नगर उंटारी अनुमंडल का नाम बदलकर श्री बंशीधर नगर कर दिया गया है।

गढ़वा जिले में स्थित नगर उंटारी में हर वर्ष बंशीधर महोत्सव मनाया जाता है।

10. भारत में किस स्थान पर एशिया के पहले डॉल्फिन रिसर्च सेंटर की स्थापना किये जाने की घोषणा की गई है?

a. पटना

b. रोपड़

c. लुधियाना

d. गुवाहाटी

पटना

बिहार की राजधानी पटना स्थित पटना विश्वविद्यालय परिसर में गंगा नदी के किनारे राष्ट्रीय डॉल्फिन रिसर्च सेंटर स्थापित किया जाएगा।

यह भारत और एशिया का प्रथम डॉल्फिन शोध केंद्र होगा, जिसकी स्थापना का मुख्य उद्देश्य लुप्तप्राय प्रजाति डॉल्फिन को बचाने के लिए आवश्यक वैज्ञानिक अनुसंधान करना है।

11. किस देश के द्वारा बिजली की खपत कम करने के उद्देश्य से कृत्रिम चंद्रमा लॉन्च किये जाने की घोषणा की गई है?

a. चीन

b. रूस

c. ब्रिटेन

d. अमेरिका

# चीन

चीन अपने शहरी इलाकों से स्ट्रीट लाइट हटाने और बिजली पर खर्च घटाने के मकसद से 2020 तक अपना खुद का कृत्रिम चंद्रमा लॉन्च करने की योजना बना रहा है।

12. पश्चिम बंगाल में “तुरगा पनबिजली परियोजना” को स्थापित करने हेतु भारत ने किस देश के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए है?

a. फ्रांस

b. जापान

c. स्पेन

d. अमेरिका

जापान

भारत और जापान ने पश्चिम बंगाल में "तुरगा पनबिजली परियोजना" को स्थापित करने हेतु समझौते पर हस्ताक्षर किए।

इस परियोजना के तहत पश्चिमी बंगाल के पुरुलिया जिले की अयोध्या पहाड़ियों में स्थित तुरगा नाला के बारिश के जल से चार रिवर्सिबल पंप टरबाइन के माध्यम से 250 मेगावाट विद्युत उत्पादन की जाएगी।

13. किस देश ने विश्व का पहला ब्लू बॉण्ड जारी किया है?

a. सेशेल्स

b. ब्रिटेन

c. फिजी

d. चीन

## सेशेल्स

सेशेल्स ने विश्व का पहला ब्लू बॉण्ड जारी किया है जिसका उद्देश्य सामुद्रिक एवं मत्स्य पालन परियोजनाओं को प्रोत्साहन प्रदान करना है।

14. केंद्र सरकार ने 'झारखंड विद्युत प्रणाली सुधार परियोजना' के लिए किस अंतरराष्ट्रीय बैंक के साथ 310 मिलियन डॉलर के ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं?

a. विश्व बैंक

b. न्यू डेवलपमेंट बैंक

c. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष

d. एशियाई विकास बैंक

## विश्व बैंक

केंद्र सरकार और विश्व बैंक ने नई दिल्ली में झारखंड विद्युत प्रणाली सुधार परियोजना के लिए 310 मिलियन डॉलर के ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए।

15. मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना किस राज्य के द्वारा शुरू की गई है?

a. बिहार

b. हरियाणा

c. राजस्थान

d. पश्चिम बंगाल

बिहार

मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना के तहत बिहार के विभिन्न विश्वविद्यालयों से स्नातक उत्तीर्ण सभी छात्राओं को 25-25 हजार रुपये मिलेंगे।

16. भारतीय रेलवे ने अपने कर्मचारियों की कार्यकुशलता बढ़ाने के लिए कौन सा प्रोजेक्ट शुरू किया है?

a. सक्षम

b. कौशल

c. रेलसाथी

d. कर्मयोगी

## सक्षम

भारतीय रेलवे ने अपने कर्मचारियों की कार्यकुशलता बढ़ाने के लिए प्रोजेक्ट "सक्षम" का शुभारंभ किया।

प्रोजेक्ट सक्षम का लक्ष्य भारतीय रेलवे के कर्मचारियों की कौशल क्षमता को बढ़ाना है।

17. गोवा की राजधानी पणजी में आयोजित 49वें अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोह में किस राज्य को फोकस राज्य चुना गया है?

a. असम

b. गुजरात

c. झारखंड

d. हिमाचल प्रदेश

झारखंड

गोवा की राजधानी पणजी में भारत का 49 वां अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोह आयोजित किया गया।

अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोह के इस वर्ष के लिए फोकस राज्य झारखंड को तथा फोकस देश इजरायल को बनाया गया है।

18. भारत के प्रथम जीन मॉनेट सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना कहाँ की गई है?

a. करनाल

b. देहरादून

c. लखनऊ

d. नई दिल्ली

नई दिल्ली

यूरोपीय संघ ने नई दिल्ली स्थित मणिपाल एकेडमी ऑफ हायर एजुकेशन में भारत का पहला जीन मॉनेट सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना की।

यह संस्कृति, साहित्य, शिक्षा और समाज में भारत-यूरोपीय संघ के अंत:विषय अध्ययनों को आगे बढ़ाने के लिए €1,00,000 के अनुदान के साथ स्थापित किया गया।

19. किस राज्य के हाईकोर्ट ने फैसला दिया कि देश का विभाजन धार्मिक आधार पर हुआ था इसलिए उस समय भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित कर देना चाहिए था?

a. ओड़िसा

b. मेघालय

c. तमिलनाडु

d. जम्मू कश्मीर

## मेघालय

मेघालय हाईकोर्ट ने संसद से एक कानून लाने का अनुरोध किया है ताकि पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से आने वाले हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी, ईसाई, गारो, खासी और जयंतिया लोगों को बिना किसी सवाल या दस्तावेजों के नागरिकता मिले।

कोर्ट ने अपने फैसले में ये भी लिखा है कि विभाजन के समय भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित किया जाना चाहिए था।

20. 'वैश्विक कृषि और खाद्य शिखर सम्मेलन 2018' का आयोजन निम्न में से किस शहर में किया गया?

a. राँची

b. इंदौर

c. भुवनेश्वर

d. अमरावती

राँची

केंद्रीय कृषि मंत्री ने रांची में वैश्विक कृषि और खाद्य शिखर सम्मेलन 2018 का उद्घाटन किया।

दो दिवसीय वैश्विक कृषि और खाद्य शिखर सम्मेलन 2018 का उद्देश्य झारखंड में कृषि क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देना है।

इस सम्मेलन में चीन, इजराइल, मलेशिया, फिलिपिंस, मंगोलिया, ट्यूनिशिया और मोरक्को देश के प्रतिनिधि शामिल हो रहे हैं।

21. देश का प्रथम संगीत संग्रहालय कहाँ स्थापित किया जाएगा?

a. तमिलनाडु

b. राजस्थान

c. छत्तीसगढ़

d. मध्यप्रदेश

## तमिलनाडु

तमिलनाडु के थिरुवियारु में देश का पहला संगीत संग्रहालय स्थापित करने की घोषणा की गई है।

थिरुवैयारु संत त्यागराज का जन्मस्थल है जो कर्नाटक संगीत की त्रिमूर्ति में से एक हैं।

22. 'चेंजिंग इंडिया' पुस्तक के लेखक कौन हैं?

a. नरेन्द्र मोदी

b. चेतन भगत

c. मनमोहन सिंह

d. शशि थरूर

## मनमोहन सिंह

पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह द्वारा लिखित पुस्तक 'चेंजिंग इंडिया' का दिल्ली में विमोचन किया गया।

इस पुस्तक में मनमोहन सिंह के जीवन चरित्र सहित भारत के सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीति मुद्दों का उल्लेख किया गया है।

23. निम्नलिखित में से किस राज्य को केंद्र सरकार के द्वारा धान की उन्नत खेती के लिए 'कृषि कर्मण पुरस्कार 2018' प्रदान किया जाएगा?

a. बिहार

b. महाराष्ट्र

c. झारखंड

d. उत्तरप्रदेश

## झारखंड

केंद्र सरकार के द्वारा देशभर में धान की उन्नत खेती के लिए झारखंड को कृषि कर्मण 2018 पुरस्कार से नवाजा जाएगा।

केंद्रीय कृषि मंत्रालय ने इस पुरस्कार के लिए झारखंड का चयन धान की केटेगरी में किया है।

24. किस देश ने पांच सरोवरों वाले प्राचीन हिंदू धार्मिक स्थल पंज तीरथ को राष्ट्रीय विरासत घोषित किया है?

a. नेपाल

b. कंबोडिया

c. बांग्लादेश

d. पाकिस्तान

पाकिस्तान

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत की सरकार ने पेशावर स्थित पांच सरोवरों वाले प्राचीन हिंदू धार्मिक स्थल पंज तीरथ को राष्ट्रीय विरासत घोषित किया है।

इस राष्ट्रीय विरासत को नुकसान पहुंचाने वाले को 20 लाख रुपये और पांच साल जेल तक का जुर्माना लगाया जाएगा।

25. निम्नलिखित में से किस महिला को अंतर्राष्ट्रीय मौद्रिक कोष (आईएमएफ) की पहली महिला मुख्य अर्थशास्त्री के रूप में नियुक्त किया गया है?

a. तस्लीमा बेगम

b. गीता गोपीनाथ

c. अमीना खातून

d. अनन्या वाजपेयी

## गीता गोपीनाथ

गीता गोपीनाथ ने अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (IMF) के मुख्य अर्थशास्त्री का पद-भार संभाला है।

गीता गोपीनाथ यह दायित्व संभालने वाली पहली महिला हैं।

26. युवाओं को रोजगार प्रदान करने के लिए "एक परिवार एक नौकरी योजना" किस राज्य के द्वारा शुरू की गई है?

a. असम

b. बिहार

c. सिक्किम

d. उत्तरप्रदेश

## सिक्किम

सिक्किम के मुख्यमंत्री पवन चामलिंग ने सिक्किम के युवाओं को रोजगार प्रदान करने के लिए "एक परिवार एक नौकरी" योजना की घोषणा की है।

यह योजना राज्य के प्रत्येक परिवार के लिए एक सरकारी नौकरी का अधिकार देती है।

27. झारखंड में 'कुत्तकु मंडल डैम' का निर्माण किस परियोजना के तहत किया जा रहा है?

a. तोरई जलाशय परियोजना

b. दामोदर नदी घाटी परियोजना

c. उत्तरी कोयल नदी सिंचाई परियोजना

d. स्वर्णरेखा बहुउद्देश्यीय सिंचाई परियोजना

## उत्तरी कोयल नदी सिंचाई परियोजना

केंद्र सरकार ने उत्तरी कोयल नदी पर 40 वर्ष पूर्व प्रस्तावित उत्तरी कोयल नदी सिंचाई परियोजना के पुनरारंभ का निर्णय किया है।

इस परियोजना के तहत झारखंड के कुत्तकु मंडल में 64.82 मीटर ऊंचा बांध बनाया जाएगा, जिसे मोहम्मदगंज बैराज और इंद्रपुरी बैराज द्वारा जल की आपूर्ति की जाएगी।

28. निम्न में से कौन महिला प्रतिष्ठित "लॉरियस स्पोर्ट्स अवॉर्ड" के लिए नामांकित होने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बन गई हैं?

a. हिमा दास

b. मैरी कॉम

c. मिताली राज

d. विनेश फोगाट

## विनेश फोगाट

पहलवान विनेश फोगाट प्रतिष्ठित लॉरियस स्पोर्ट्स अवॉर्ड के लिए नामांकित होने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बन गई हैं।

विनेश फोगाट 'लॉरियस वर्ल्ड कमबैक ऑफ द इयर' श्रेणी के लिए नामांकित हुई हैं।

29. भारत की सबसे तेज़ चलने वाली रेलगाड़ी ट्रेन-18 का नाम बदलकर क्या रखे जाने की घोषणा की गई है?

a. भारत माता एक्सप्रेस

b. वंदे भारत एक्सप्रेस

c. वंदे मातरम एक्सप्रेस

d. भारत दर्शन एक्सप्रेस

## वंदे भारत एक्सप्रेस

देश में निर्मित ट्रेन-18 का नाम ‘वंदे भारत एक्सप्रेस ‘होगा।
पहली ट्रेन 18 नई दिल्ली और वाराणसी के बीच चलेगी।

30. 'ग्लोबल स्किल समिट 2019' का आयोजन निम्न में से किस शहर में किया जाएगा?

a. पुणे

b. राँची

c. नैनीताल

d. हैदराबाद

राँची

निजी क्षेत्र में राज्य के भीतर और बाहर झारखंड के करीब एक लाख युवाओं को रोजगार देने के उद्देश्य से रांची के खेल गांव में ग्लोबल स्किल समिट 2019 आयोजित किया जाएगा।

सम्मेलन में 12 देशों के राजदूत समेत कई विदेशी प्रतिनिधिमंडल शामिल हो रहे हैं।

source

hindvanshieducation.com

हिन्दवंशी